हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 10 फ़रवरी 2026, समय 1305 (5 मिनट)

रक्षा सेवा वित्तीय सलाहकार राज कुमार अरोडा ने कहा है कि रक्षा क्षेत्र के लिए बजट आवंटन में बढोतरी से सशस्त्र बलों की युद्ध क्षमता में और सुधार होगा, आयात पर निर्भरता कम होगी, रणनीतिक स्वायत्तता बढ़ेगी और आपूर्ति श्रृंखलाओं में सुधार होगा।

रक्षा क्षेत्र के लिए इस वर्ष के बजट आवंटन में आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इस वर्ष का कुल आवंटन लगभग सात लाख 85 हजार करोड़ है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 16 प्रतिशत से भी अधिक की बढ़त है।उन्होंने कहा कि यह आवंटन क्षमता और गतिशीलता बढाने और आपूर्ति की भरपाई में सहायक होगा।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने आज केंद्र सरकार को रिजर्व बैंक, बैंकों और दूरसंचार विभाग के परामर्श से डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों से निपटने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया-एसओपी तैयार करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने डिजिटल धोखाधड़ी के माध्यम से 54 हजार करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी को डकैती बताया है। शीर्ष न्यायालय ने डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों के बढ़ते खतरे पर भी चिंता व्यक्त की ।

****

हरियाणा के पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कल सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने देश-विदेश से आए शिल्पकारों द्वारा तैयार की गई आकर्षक हस्तशिल्प कलाकृतियों, पारंपरिक उत्पादों तथा सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी प्रस्तुतियों का अवलोकन किया और शिल्पकारों से संवाद कर उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की।

पर्यटन मंत्री ने विभिन्न राज्यों और देशों के पवेलियनों का निरीक्षण करते हुए कहा कि सूरजकुंड मेला भारत की लोक संस्कृति, पारंपरिक कलाओं और शिल्प परंपराओं को एक सशक्त मंच प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह मेला न केवल कलाकारों की आर्थिक उन्नति में सहायक है, बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी प्रोत्साहित कर पर्यटन क्षेत्र को नई दिशा दे रहा है।

****

39वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेले में कल शाम प्रसिद्ध सूफी गायक और पद्मश्री सम्मानित कैलाश खेर ने आगंतुकों का संगीत से मनोरंजन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाणा के पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने किया। उन्होंने पद्मभूषण से सम्मानित कैलाश खेर को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया और कहा कि सूरजकुंड मेला देश की विविध कला और संस्कृति को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मंच है। डॉ. शर्मा ने लोगों से आग्रह किया कि वे मेले में आए कारीगरों व शिल्पकारों से मिलें, उनसे संवाद करें और उनके बनाए हस्तशिल्प उत्पाद खरीदकर उनका उत्साह बढ़ाएं।

कैलाश खेर ने लगातार एक घंटे से अधिक समय तक बिना रुके अपने लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति दी। उन्होंने मेले के भव्य आयोजन और प्रदेश की सांस्कृतिक समृद्धि की सराहना भी की।

****

हरियाणा के राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की गुरुग्राम शाखा ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में रेवाड़ी के कराधान विभाग के सेवादार विक्रम सिंह के विरुद्ध चालान पेश कर दिया है। ब्यूरो ने कल रेवाड़ी के अतिरिक्त सत्र न्यायधीश सौरभ कुमार की अदालत में चालान पेश किया। ब्यूरो द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी विक्रम सिंह ने अपनी तैनाती अवधि में अपनी आय से 64.74 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित की है।

****

हरियाणा सरकार द्वारा मातृशक्ति उद्यमिता योजना के अंतर्गत महिला विकास निगम के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस वर्ष पंचकुला में 40 महिलाओं को 5 लाख रुपए तक का ऋण दिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पंचकुला के उपायुक्त सतपाल शर्मा ने बताया कि जिन महिलाओ की पारिवारिक वार्षिक आय 5 लाख रुपए से कम है , जो हरियाणा की निवासी महिला उद्यमी हैं तथा ऋण के लिए आवेदन के समय जिनकी आयु 18 से 60 वर्ष के बीच है , वे इस योजना के लिए पात्र होंगी । आवेदक पूर्व में लिए गए किसी भी ऋण का डिफॉल्टर नहीं होना चाहिए । योजना के अंतर्गत समय पर किस्तों का भुगतान करने पर हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा 3 वर्षों तक 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान राशी दी जाएगी।

****

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा राज्य में चाइनीज माँझा के उत्पादन, भंडारण, बिक्री,आपूर्ति, आयात एवं उपयोग पर लगाए गए प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा की चाइनीज माँझा मानव जीवन , पशु-पक्षियों और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है । इसके कारण सड़क हादसे और जानलेवा घटनाएं सामने आती हैं। उन्होंने कहा की हरियाणा पुलिस इस पर पूरी सख्ती से कार्यवाही कर रही है । उन्होंने आम नागरिकों से अपील की ,कि वे पतंगबाज़ी के लिए केवल साधारण डोर का ही उपयोग करें ।

****

राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री कप खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत आज पलवल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में नगराधीश प्रीति रावत ने खो-खो व कबड्डी सीनियर वर्ग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर खेल उपनिदेशक राम मेहर,जिला खेल अधिकारी खुशवंत सिंह और हुकम चंद भी मौजूद रहे।

पलवल में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के एक हजार छियानवें (1096) खिलाड़ी भाग ले रहे है।

****